UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 9 चन्द्रगुप्त मौर्य (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

प्रश्न 1:
चन्द्रगुप्त मौर्य कौन था?
उत्तर:
चन्द्रगुप्त मौर्य एक साहसी और महत्त्वाकांक्षी सम्राट था।

प्रश्न 2:
मगध की राजधानी का क्या नाम था?
उत्तर:
मगध की राजधानी का नाम पाटलिपुत्र था।

प्रश्न 3:
चन्द्रगुप्त मौर्य ने प्रजा हित के लिए क्या-क्या कार्य किए?
उत्तर:
चन्द्रगुप्त मौर्य अपनी प्रजा की उन्नति के प्रति सदैव प्रयत्नशीन रहता था। उसने यातायात के । साधनों की समुचित व्यवस्था की। सड़कों के किनारे छायादार वृक्ष लगवाए, कुएँ तथा धर्मशालाएँ बनवाई। सिंचाई हेतु अनेक तालाब और कुएँ खुदवाए।

प्रश्न 4:
चन्द्रगुप्त मौर्य जीवन के अन्तिम क्षणों में कहाँ और क्यों गए?
उत्तर:
चन्द्रगुप्त मौर्य जीवन के अन्तिम क्षणों में जैन मुनि भद्रबाहु के साथ चन्द्रगिरि पर्वत पर साधक के रूप में जीवन व्यतीत करने हेतु गए।

प्रश्न 5:
चन्द्रगुप्त मौर्य की शासन प्रणाली क्यों आदर्श बन गई ?
उत्तर:
चन्द्रगुप्त मौर्य के शासन काल में भारत का बहुमुखी विकास हुआ। कृषि, व्यापार एवं ललित कला आदि के विकास हेतु शासन द्वारा अनेक सुविधाएँ दी जाती थीं। उस समय प्रजा की नैतिकता उच्चकोटि की थी। इस प्रकार चन्द्रगुप्त मौर्य की शासन प्रणाली आदर्श थी।

https://www.evidyarthi.in/